भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 498
उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2026

जनजातीय और पीवीटीजी क्षेत्रों में 4जी और 5जी परियोजनाएं

498 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान कितने जनजातीय और पीवीटीजी गांवों में 4जी और 5जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है और वहां पर कवरेज की स्थिति क्या है, वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस अवधि के दौरान 'डिजिटल भारत निधि' और पीएम-जनमन योजना के तहत की गई अन्य पहलों द्वारा समर्थित परियोजनाओं सहित उन क्षेत्रों के लिए आवंटित, संस्वीकृत, संवितरित और प्रयुक्त धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस अवधि के दौरान उन क्षेत्रों में दूरसंचार अवसंरचना के विस्तार के लिए आवंटित, संस्वीकृत, संवितरित और प्रयुक्त धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए बीएसएनएल और अन्य सेवा प्रदाताओं द्वारा संवितरित और प्रयुक्त धनराशि का वर्ष-वार और सेवा प्रदाता-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा जिन जनजातीय और विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह (पीवीटीजी) गांवों को 4जी और 5जी मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान की गई है उनकी संख्या डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) की वेबसाइट (https://usof.gov.in/en/home) पर उपलब्ध है।

(ख) से (घ) 5जी मोबाइल सेवाएं, स्वयं दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा तकनीकी-वाणिज्यिक आधार पर शुरू की जाती हैं। सरकार ने डीबीएन के माध्यम से जनजातीय और पीवीटीजी गांवों सहित सम्पूर्ण देश के वंचित गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने का

दायित्व सौंपा है। पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान डीबीएन द्वारा जनजातीय और पीवीटीजी गांवों सहित सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 12,702.15 करोड़ रुपये संवितरित किए गए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए डीबीएन के माध्यम से संवितरित समग्र धनराशि की जानकारी डीबीएन वेबसाइट (https://usof.gov.in/en/home) पर उपलब्ध हैं।

*****